हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 43.1 डिग्री
न्यूनतम 17.2 डिग्री

12 आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संज्ञान ले केन्द्र सरकार : निर्मल



12 शिविर में प्राप्त शिकायतों का यथा शीघ्र करें निपटान



## खबर संक्षेप

### रामदास अठावले आज कुवि में करेंगे शिरकत

**कुरुक्षेत्र।** केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास अठावले 25 अप्रैल को दोपहर 12:50 बजे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में भारतरत्न डा. बीआर अंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस दौरान लोगों से सरकार की योजनाओं पर सीधा संवाद और चर्चा भी करेंगे।

### कैबिनेट मंत्री बेदी करेंगे समारोह में शिरकत

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी 25 अप्रैल को दोपहर 3 बजे सेक्टर-13 सीनियर सिटीजन फोरम कार्यालय के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस दौरान सीनियर सिटीजन से बातचीत भी करेंगे। यह जानकारी वरिष्ठ सीनियर सिटीजन फोरम के पदाधिकारी डा. एसी नागपाल ने दी है।

### होम्योपैथी चिकित्सा पर आज होगा सेमिनार

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में आज शुक्रवार को विश्व होम्योपैथी दिवस के उपलक्ष्य में सेमिनार आयोजित किया जाएगा, जिसमें बतौर मुख्यातिथि सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन होम्योपैथी के पूर्व डीजी एवं राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग के पूर्व चेयरमैन डॉ. अनिल खुराना शिरकत करेंगे। इनके अलावा विशिष्ठ अतिथि के रूप में राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग के सचिव डॉ. संजय गुप्ता उपस्थित रहेंगे,जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर वैद्य करतार सिंह धीमान करेंगे।

### मोटरसाइकिल चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**अम्बाला।** थाना पड़ाव में दर्ज चोरी के मामले में 23 अप्रैल 2025 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी गुरप्रीत सिहँ निवासी गाँव शेर माजरा जिला पटियाला पंजाब व राजू निवासी गाँव दुघड़ा जिला पटियाला पंजाब को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता आशू निवासी गाँधी नगर जिला अम्बाला ने 10 मार्च 2025 को थाना पड़ाव में शिकायत दर्ज करवाई थी।

### स्नेचिंग के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अम्बाला।** थाना महेशनगर में दर्ज स्नैचिंग के मामले में 23 अप्रैल 2025 को पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी गुरजैन्ट सिहँ निवासी गांव हंडेसरा जिला शाशनगर मोहाली पंजाब को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया। हरकीरत सिहँ निवासी रामनगर ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 22 अप्रैल को गोबिन्द नगर अम्बाला छावनी के पास से अज्ञात आरोपी ने उससे मोबाइल छीन लिया है।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी काबू, 23 केस दर्ज

**अम्बाला।** थाना अम्बाला शहर में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में 23 अप्रैल 2025 को आर्थिक अपराध शाखा के पुलिस दल ने कार्यवाही करते हुए आरोपी सर्बजीत सिहँ निवासी गाँव अचिन्तकौट थाना धरिन्डा जिला अमृतसर पंजाब को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 05 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया। आरोपी के खिलाफ पंजाब में भी लगभग 24 मामले में दर्ज है।

### प्ले वे स्कूलों के लिए 15 तक पंजीकरण अनिवार्य

**पानीपत।** महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वाधान में आज जिला सचिवालय सभागार में प्ले वे स्कूलों के संचालन को लेकर उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा की व आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने जिले में संचालित किए जा रहे प्ले वे स्कूलों का खंड अनुसार ब्यौरा प्राप्त किया।

---

दुःख की इस घड़ी में सरकार पीड़ित परिवार के साथ : मनोहर लाल

# केंद्रीय मंत्री ने लेफ्टिनेंट के निधन पर जताया गहरा दुःख, शोकाकुल परिवार को दी सांत्वना

## वेदना सुनकर केंद्रीय मंत्री की आंखें हुई नम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

- पर्यटकों को वापस लाने के लिए दो स्पेशल हवाई उड़ानें तय की

केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल वीरवार को करनाल पहुंचे और कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादी हमले के शिकार हुए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया और परिजनों को सांत्वना दी। परिजनों व विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी की वेदना सुनकर मनोहर लाल की आंखे नम हो गई। उन्होंने कहा कि यह घटना परिवार के साथ-साथ देश के लिए भी बहुत दुखदायी है, दुःख की इस घड़ी में सरकार परिवार के साथ है और परिवार की हर संभव मदद की जाएगी। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि यह बहुत ही दुःख की बात है कि देश का एक नौजवान और होनहार सैनिक लेफ्टिनेंट विनय नरवाल आतंकवादियों के हमले का शिकार हो गया है। इस घटना को लेकर सिर्फ उनके परिवार में ही नहीं, हम सब के मन में भी बहुत ही दुःख है कि लेफ्टिनेंट विनय नरवाल जिसे लम्बे समय तक देश की सेवा करनी थी, उसे कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने बर्बरतापूर्वक गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। आतंकवादियों की इस घिनौनी हरकत की मैं घोर निंदा करता हूं। इस समय देश एक है, मजबूत है और देशवासियों में इस घटना को लेकर रोष है। लेकिन यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में ही कुछ लोग इस आतंकवादी घटना को धार्मिक रंग भी दे रहे हैं। उन्हें इस बात को समझना चाहिए और ऐसा नहीं करना चाहिए। बार कश्मीर के लोग आतंकवाद के खिलाफ खड़े हुए हैं, कल कश्मीर में बाजार भी बंद रखे गए थे। आगे से कश्मीर के लोग भी आतंकवाद को सहन नहीं करेंगे। धारा 370 के बाद कश्मीर शांति के रास्ते पर है और उसी रास्ते पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने सभी एयरलाइंस के साथ बैठक की और उन्हें सख्त निर्देश दिए गए हैं कि इस समय का गलत फायदा न उठाएं और हवाई यात्रा के किराए में बढ़ोतरी न करें, बल्कि सामान्य किराए पर ही कश्मीर से यात्रियों को वापिस लेकर आएं। कश्मीर से पर्यटकों को वापिस लाने के लिए एयर इंडिया की दो स्पेशल हवाई उड़ानें तय की गई हैं और प्राइवेट एयरलाइंस की भी उड़ानें तय की गई हैं। कुछ हवाई जहाज स्पेयर में तैयार रखे गए हैं ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनके द्वारा कश्मीर से पर्यटकों की वापसी कराई जा सके।



**करनाल।** लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के निधन पर उनके परिजनों को सांत्वना देते केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल व अन्य।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर विधायक जगमोहन आनंद, विधायक रामकुमार कश्यप, विधायक योगेन्द्र राणा, मेयर रेनू बाला गुप्ता, भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर, सांसद प्रतिनिधि कविन्द्र राणा, भाजपा नेता बृजभूषण गुप्ता, अशोक सुखीजा, अमरनाथ सौदा, मुकेश अरोड़ा, अशोक खुराना, एडवोकेट विजय वेदपाल सहित अन्य व्यक्तियों ने भी शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी।

### राज्य मंत्री राजेश नागर ने दी श्रद्धांजलि



हरियाणा के खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले तथा प्रिंटिंग एवं स्टेशनरी राज्य मंत्री राजेश नागर ने वीरवार को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के परिजनों से उनके निवास स्थान सैक्टर-7 में बातचीत की तथा शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और विनय नरवाल को श्रद्धांजली दी तथा भगवान से प्रार्थना की वे अपने श्री चरणों में विनय नरवाल को स्थान दें। राज्यमंत्री राजेश नागर ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमला बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है, जिन परिवारों के साथ ये घटना हुई है, उनके साथ पूर्णरूप से केंद्र व प्रदेश की सरकार साथ खड़ी है। मेयर रेनू बाला गुप्ता तथा भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर भी उपस्थित थे। राज्यसभा के सांसद कार्तिकेय शर्मा ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के परिवार से सैक्टर-7 स्थित उनके आवास पर मुलाकात की।

---

# डिजिटल अरेस्ट मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

- 21.10 लाख रुपये, लैपटॉप, सैंसर डिवाइस, स्कैनर, स्वाइप मशीन, मोबाइल आदि बरामद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अम्बाला

उप-पुलिस अधीक्षक रजत गुलिया ने बताया कि अम्बाला पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में आरोपी बबलू कुमार निवासी गांव बलवा जिला चम्पारण बिहार, श्रवण कुमार निवासी संजय कोचला नगर अमलाई कालरी जिला अनूपुर मध्यप्रदेश व राजीव सिंह परिहार निवासी लाहासुई कैंप कोटमा जिला अनूपुर मध्यप्रदेश से सड़ोल मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया।

आरोपियों को न्यायालय के आदेशानुसार आठ दिनों का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त कर लगभग 21 लाख 10 हजार रूपये, लैपटॉप, सैंसर डिवाईस, स्कैनर, आई स्कैनर मशीन, स्वाइप मशीन, बायोमेट्रिक मशीन, बैंक किट व मोबाइल बरामद किए गए हैं।

### 274 शिकायतें दर्ज

आरोपियों के खिलाफ साइबर पोर्टल पर पूरे देश से लगभग 274 शिकायतें दर्ज है। राजेन्द्र कुमार निवासी पालम विहार ने 06 अप्रैल को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 29 मार्च 2025 से 05 अप्रैल 2025 के दौरान अज्ञात आरोपी ने फर्जी पुलिस अरेस्ट वारंट भेजकर तथा डरा-धमका कर डिजिटल अरेस्ट करने के मामले में उससे एक बड़ी रकम धोखाधड़ी से हड़प कर आपराधिक कार्य किया है।

### आरोपी हिरासत में भेजे

आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले में पहले 04 आरोपी मनिन्द्र सिंह व नवीन कुमार निवासी चन्द्र विहार बी बाजार रोड निलोठी नई दिल्ली, अनिल कुमार निवासी सेक्टर-19 नोएडा वर्तमान पता सैक्टर-15 नोएडा व सुनील कुमार निवासी जनकपुरी लुधियाना पंजाब वर्तमान पता गुरू अर्जुनदेव नगर लुधियाना पंजाब को गिरफ्तार कर 02 लाख 93 हजार रुपये बरामद किए जा चुके हैं। आरोपियों के खातों में कुल रकम लगभग 02 करोड़ 79 लाख में से 30 लाख रुपये ट्रांसफर हुए है जिनमें से पुलिस ने लगभग 24 लाख रूपये बरामद कर लिए हैं।

# सड़क हादसों में तीन युवकों की मौत और दो घायल

- पुलिस ने अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ किए मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में तीन युवकों की मौत हो गई जबकि दो युवक घायल हो गए। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव धौलरा निवासी रामदेव ने बताया कि उसका बड़ा भाई 42 वर्षीय रामनाथ मेहनत मजदूरी करता था। उसका भाई रामनाथ व उनके गांव का ही सोनू बाइक पर अपने काम से यमुनानगर आ रहे थे। बाइक उसका भाई चला रहा था पीछे सोनू बैठा हुआ था। सहारनपुर कुरुक्षेत्र स्टेट हाईवे पर जब वे औरंगाबाद पुल के पास पहुंचे तो सामने से तेज गति से आ रही कार ने उसके भाई की बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसका भाई व सोनू बाइक सहित सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी कार चालक फरार हो गया। आसपास के लोगों ने उसके भाई व सोनू को अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसके भाई रामनाथ की हालत गंभीर देख डॉक्टर ने पीजीआई रैफर कर दिया जबकि सोनू को सिविल अस्पताल में ही उपचार दिया गया। उन्होंने अपने भाई रामनाथ को पीजीआई चंडीगढ़ में भर्ती कराया। पीजीआई में उपचार के दौरान उसके भाई की मौत हो गई।

### ट्रक की टक्कर से बाइक चालक की मौत

गांव संधाला निवासी विजय कुमार ने बताया कि उसका छोटा भाई साहिल घाट नंबर-15 पर मशीन ओपरेटर का काम करता था। वह शाम को सात बजे अपने दोस्त गांव खजूरी निवासी राहुल के साथ बाइक पर अपने काम पर जा रहा था। बाइक साहिल चला रहा था जबकि राहुल पीछे बैठा था। जब वह गांव के बाहर सड़क पर निकले तो तेज गति से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। लोगों ने दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें पीजीआई रैफर कर दिया। पीजीआई ले जाते समय उसके भाई साहिल की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी।

### घायल युवक की मौत

गांव कामी माजरा निवासी जाबर ने बताया कि उसका भाई 32 वर्षीय रहमान किसी काम से जा रहा था। जब वह महालक्ष्मी धर्म कांटा पांसरा के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसके भाई को टक्कर मार दी। जिससे रहमान घायल हो गया। लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

---

# प्लाइवुड फैक्ट्री से टेक्निकल ग्रेड यूरिया के 75 बैग जब्त

- प्लाइवुड फैक्ट्री संचालक के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

गांव नाहरपुर स्थित एमएस डिक्को प्लाइवुड फैक्ट्री से छापामारी के दौरान टेक्निकल ग्रेड यूरिया के 75 बैग बरामद हुए। पुलिस ने उप कृषि निदेशक की शिकायत पर फैक्ट्री मालिक के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार उप कृषि निदेशक हरीश पांडे ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसे सूचना मिली थी कि गांव नाहरपुर स्थित एमएस डिक्को प्लाइवुड फैक्ट्री में गल्लू बनाने में टेक्निकल ग्रेड यूरिया का प्रयोग किया जा रहा है। सरकार द्वारा टेक्निकल ग्रेड यूरिया का प्लाइवुड फैक्ट्री में यूज करने पर पाबंदी लगाई हुई है।

### पाबंदी के बावजूद कर रहे थे यूरिया का इस्तेमाल

इसके बावजूद भी फैक्ट्री मालिक टेक्निकल ग्रेड यूरिया का प्रयोग गल्लू बनाने में कर रहे हैं। जिससे सरकार को हानी पहुंच रही है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ फैक्ट्री में छापामारी की। जहां से 75 बैग टैक्निकल ग्रेड यूरिया के बरामद हुए। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी।

पुलिस ने फैक्ट्री मालिक के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## हेरोइन सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**अम्बाला।** थाना महेशनगर पुलिस ने नशा तस्करी के मामले में आरोपी निहाल निवासी न्यू टैगोर गार्डन खोजकीपुर अम्बाला छावनी वर्तमान पता दुर्गानगर अम्बाला छावनी जिला अम्बाला को 14 ग्राम 70 मिलिग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी नशा तस्कर दुर्गानगर महेशनगर अम्बाला के पास मादक पदार्थ बेचने की फिराक में है। पुलिस ने तुरन्त मौके पर जाकर आरोपी को काबू कर उसकी तलाशी ली और उससे 14 ग्राम 70 मिलिग्राम हैरोइन बरामद की। आरोपी की पहचान निहाल निवासी न्यू टैगोर गार्डन खोजकीपुर अम्बाला छावनी वर्तमान पता दुर्गानगर अम्बाला छावनी के रूप में हुई।

# हरियाणवी संस्कृति के कायल हुए ऑस्ट्रेलिया के सांसद

- 15 सदस्यों के दल का शहर में आने पर किया स्वागत
- व्यापार को बढ़ाने को लेकर विचार-विमर्श किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

ऑस्ट्रेलिया से आए डेलिगेट्स में मेंबर ऑफ पार्लियामेंट माथव हिलकरी व डालयन विथ, डॉ सचिन दहिया बिजनेसमैन (बालेरेट-ऑस्ट्रेलिया), डॉ जसविन्दर सन्धू (फेडरेशन युनिवर्सिटी-मैलबर्न), प्रोफेसर पॉल पंग सहित 15 सदस्यों का डॉ. नवीन नैन भालसी व पूर्व सांसद संजय भाटिया, कैप्टन योगेश बैरागी आदि ने पानीपत में स्वागत किया।

वहीं, गंगा ग्रुप के डायरेक्टर डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया सरकार के डेलिगेटस का कृषि प्रधान देश भारत के हरियाणा प्रदेश में आकर कृषि से सम्बंधित बात करके कुछ नये आयाम स्थापित करना, कृषि से संबंधित बिजनेस को अनुप्रेषित करना व आधुनिक तकनीक से जुड़े बिजनेस को बढ़ावा देना, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पढ़ाई करके नये बिजनेस व स्टार्टअप के माध्यम से व्यापार को बढ़ाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। वही, डॉ नैन ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया से आए डेलीगेटस सदस्यों ने ऑस्ट्रेलिया आने का न्यौता दिया ताकि आप यहां आकर एग्रीकल्चर की आधुनिक तकनीक व व्यापार व रोजगार के नये पहलुओं पर शोध करके नये आयाम स्थापित कर सके व भारतीय उद्योग व व्यवसाय में विस्तार कर सकें जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए नये रोजगार के अवसर पैदा हो सके।



**पानीपत।** गंगा हैचरी में हुक्के का आनंद लेते हुए ऑस्ट्रेलियाई जनप्रतिनिधिमंडल।

### ऑस्ट्रेलिया आने का न्यौता

डॉ. नैन ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया डेलिगेटस के सदस्यों को यहां एग्रीकल्चर से जुड़े बिजनेस पोल्ट्री फार्म पर विजिट करवाई व यहां वाले बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए ऑस्ट्रेलिया आने का न्यौता दिया ताकि रोजगार व व्यापार के नए अवसर प्राप्त हो सके।

---

## 36 बिरादरी को दिया प्रभु परशुराम जन्मोत्सव का न्यौता

# आतंकी हमले का करारा जवाब मिलेगा : शर्मा

- ब्राह्मण समाज ने किया सांसद कार्तिकेय शर्मा का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत



**पानीपत।** सांसद कार्तिकेय शर्मा का स्वागत करते हुए ब्राह्मण समाज के प्रदेशाध्यक्ष सतीश गौतम आदि। फोटो : हरिभूमि

पंचकूला में आयोजित होने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव के कार्यक्रम का निमंत्रण देने के लिए राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा वीरवार को पानीपत की परशुराम धर्मशाला में पहुंचे। जहां पर ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश गौतम सहित समाज के लोगों द्वारा उनका फूल मालाएं डालकर व बुक्के देकर स्वागत किया गया।

सांसद कार्तिकेय शर्मा ने 27 अप्रैल को पंचकूला में होने वाले राज्य स्तरीय परशुराम जयंती कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर उपस्थित सभी 36 बिरादरी के लोगों को न्यौता दिया। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी मुख्य अतिथि होंगे। इधर, ब्राह्मण समाज के प्रदेशाध्यक्ष सतीश गौतम सहित मौके पर मौजूद 36 बिरादरी के लोगों ने सांसद कार्तिकेय शर्मा को आश्वासन दिया कि भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के कार्यक्रम में पानीपत से हजारों लोग शामिल होंगे। दूसरी ओर, बैठक में मौन धारण कर आतंकी हमले में मारे गए लोगों के भावभीनी श्रद्धांजलि दी। जबकि सांसद शर्मा ने कहा कि आतंकी हमले का भारत अपने विरोधियों को करारा जवाब देगा, इसकी घोषणा स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करते हुए कहा कि ऐसी सजा देंगे जिसकी कल्पना भी आतंकियों व उनके साथ साजिश में शामिल लोगों ने नहीं की होगी।

### ये रहे शामिल

बैठक के दौरान परशुराम धर्मशाला के प्रधान रामफल शर्मा, पंकज शर्मा, नेहा शर्मा, सुमित भारद्वाज सिवाह, दीपक शर्मा, बबलू शर्मा सिवाह, राजेश भारद्वाज, अंकुर शर्मा, डॉ सतबीर शर्मा, नरेश कालखा, प्रदीप कवि, जेई ईश्वर शर्मा, योगेश शर्मा, बिल्लू, जसमेर शर्मा, नेहा शर्मा, रामफल शर्मा समेत छत्तीस बिरादरी के लोग शामिल थे।

# विदेश भेजने के नाम पर व्यक्ति से ठगे साढ़े छह लाख रुपये

- आरोपी ने न विदेश भेजा और न पैसे मांगने पर वापस दिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

विदेश भेजने के नाम पर बसंत विहार कॉलोनी निवासी राजेश कुमार से साढ़े छह लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप अमन कुमार नामक युवक पर लगा है। राजेश कुमार अपने लड़के अभिषेक को रोजगार के लिए विदेश भेजना चाहता था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी अमन कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार बसंत विहार रादौली निवासी राजेश कुमार ने बताया कि उसका लड़का अभिषेक पढ़ाई पूरी करके रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात अमन कुमार के साथ हुई। आरोपी ने उसे कहा कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। वह उसके लड़के को रोजगार के लिए विदेश भेज देगा। जहां पर वह अच्छे पैसे कमा सकता है। वह आरोपी की बातों में आ गया। आरोपी ने उसके लड़के को विदेश भेजने के लिए साढ़े छह लाख रुपये का खर्च आने की बात कही। उसने आरोपी पर विश्वास करके उसे 29 जून 2024 को साढ़े छह लाख रुपये दे दिए। मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी ने उसके लड़के को विदेश नहीं भेजा। जब उसने आरोपी से इस बारे बात की तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपी से अपने पैसे वापस मांगे मगर उसने पैसे देने से मना कर दिया।

## खबर संक्षेप

### जम्मू कश्मीर में राष्ट्रपति शासन लागू हो : त्रिलोचन



**करनाल।** हरियाणा अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व चेयरमैन एवं भाजपा नेता त्रिलोचन सिंह ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि इस आतंकी हमले में करनाल ने अपना अफसर बेटा विनय नरवाल भी खो दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उमर अबदुल्ला सरकार की नाकामी के कारण देश के निर्दोष नागरिक मारे गए हैं। एक से दो महीने में अमरनाथ यात्रा भी शुरू होने वाली है। ऐसे में देश के लोगों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाने चाहिए। त्रिलोचन सिंह ने केंद्र सरकार से मांग की है कि जम्मू कश्मीर में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए।

### राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**करनाल।** बाबू मूलचंद जैन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य राकेश भाटिया ने बताया कि संस्थान के सभागार में वीरवार को नेहरू युवा केंद्र एवं युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग के सहयोग से राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में 2 मिनट का मौन रख कर कश्मीर के पहलगाम हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इसके बाद भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें युवाओं ने पंचायती राज प्रणाली विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशबू, द्वितीय स्थान विनय तथा तृतीय स्थान गौरव ने प्राप्त किया।

### दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन

**करनाल।** कुमारी विद्यावती आनंद डी.ए.वी. महिला महाविद्यालय में पुस्तकालय समिति द्वारा विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा ने पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन किया और कहस कि हमारे महाविद्यालय की पुस्तकालय समिति द्वारा प्रतिवर्ष पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है। यद्यपि आज के डिजिटल युग में इंटरनेट पर पुस्तकों की अतिशय उपलब्धता की सुविधा होने के कारण छात्राओं में पुस्तकों के प्रति आकर्षण कम हो गया है तथापि पुस्तक का साक्षात रूप में अध्ययन करने का विशिष्ट महत्व है।

### कर्मचारियों ने वेतन न मिलने पर दिया धरना

**करनाल।** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अंतर्गत कार्यरत सफाई कर्मचारियों ने वेतन न मिलने पर गुस्सा जाहिर कतरे हुए एचएसवीपी कार्यालय के बाहर धरना दिया। बीते दिनों अधिकारी द्वारा आश्वासन दिए जाने के बाद धरना स्थगित कर दिया गया था। गुरुवार को कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की। एचएसवीपी कर्मचारी यूनियन की ओर से कहा गया कि जब तक सभी मांगों को स्वीकार कर लागू नहीं किया जाता तब तक धरना प्रदर्शन जारी रखा जाएगा।

---

### कायराना आतंकी हमले में जान गंवाने वालों के लिए हुईं शोक सभाएं

# सांसद ने शहीद विनय नरवाल को दी श्रद्धांजलि, परिजनों संग दुख जताया

**कश्मीर के पहलगाम में निर्दोश सैलानियों की हत्या से लोगों में पनप रहा आक्रोश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



सांसद दीपेन्द्र हुड्डा आज जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में शहीद भारतीय नौसेना के जाँबाज लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के निवास पर पहुंचे। उन्होंने परिवारजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी और शहीद विनय नरवाल को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में पूरा देश उनके परिवार के साथ खड़ा है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि शहीद विनय नरवाल के बलिदान को देश सदा याद रखेगा। उन्होंने अपना पूरा जीवन देश-प्रदेश, समाज के लिये अर्पित कर दिया। उनकी शानदार उपलब्धियां रही। दीपेन्द्र हुड्डा ने सरकार से इस मामले में कठोर कदम उठाने की मांग करते हुए कहा कि इस मामले में दलगत भावना से ऊपर उठकर सारा राष्ट्र एक है। देश के दुश्मन और इंसानियत के हत्यारे किसी भी हालत में बचने नहीं चाहिए। सरकार कठोर से कठोर कदम उठाए और इसकी जड़ तक जाए। आतंकवाद का फन कुचलने के लिए सरकार जो भी कदम उठाएगी हम उसका साथ देंगे।



### पहलगाम हमले के विरोध में टैगोर बाल निकेतन स्कूल का शांति प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले ने सम्पूर्ण देश को झकझोर कर रख दिया है। इस अमानवीय कृत्य के विरोध में देशभर में आक्रोश की लहर फैल गई है। टैगोर बाल निकेतन स्कूल के समस्त स्टाफ ने मिलकर इस कायराना हरकत के खिलाफ शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन किया। विद्यालय परिसर में सभी ने काली पट्टियाँ बांधकर आतंकवाद के खिलाफ रोष प्रकट किया। इस मौन विरोध का उद्देश्य देशवासियों में एकता, शांति और देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करना था। प्राचार्य डॉए राजन लांबा ने सभा को संबोधित करते हुए भावुक होकर कहा कि करनाल के विनय नरवाल ने इस नरसंहार में अपनी जान गंवा दी।आतंक का कोई धर्म नहीं होता और ऐसे कृत्यों का समाज में कोई स्थान नहीं है। उन्होंने विद्यार्थियों को देश की एकता और अखंडता बनाए रखने की प्रेरणा दी। छात्रों ने भी आतंकवाद के खिलाफ नारे लगाए और देश के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर दो मिनट का मौन भी रखा गया। टैगोर बाल निकेतन स्कूल का यह कदम न केवल विद्यार्थियों में जागरूकता उत्पन्न करता है, बल्कि एक मजबूत और शांति प्रिय भारत की ओर समाज का ध्यान भी आकर्षित करता है।

---



## अवैध कॉलोनियों में ना करें कोई निर्माण विभाग द्वारा की जाएगी कार्रवाईः डीटीपी

- असंध में 4 अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

जिला नगर योजनाकार सतीश कुमार ने बताया कि गत दिवस असंध में 4 अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध तोडफ़ोड़ की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि असंध में सफीदों रोड पर खाटू श्याम मंदिर के नजदीक लगभग 4 एकड़ में स्थित अवैध कॉलोनी में सभी कच्ची सडक़ों व 2 डी.पी.सी. को तोड़ा गया। इसी प्रकार से मलिकपुर रोड पर लगभग 8.5 एकड़ में फैली अवैध कॉलोनी में सभी कच्ची सड़कों, 3 डी.पी.सी., सीवर नैटवर्क व 2 दुकानों के विरूद्ध तोडफ़ोड़ की कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त 3 दुकानों को सील किया गया। उन्होंने बताया कि असंध बाई पास पर बस स्टैण्ड के पीछे गीता कॉलोनी के साथ लगभग 3 एकड़ में स्थित एक अवैध कॉलोनी में 3 निर्माणाधीन मकान, 5 डी.पी.सी., सीवर नेटवर्क व सभी कच्ची सड़कों को ध्वस्त किया गया। इसी प्रकार करनाल-असंध रोड पर यश होटल के नजदीक लगभग 2.5 एकड़ में स्थित एक अवैध कॉलोनी में 2 डी.पी.सी. व सभी पक्की सडक़ों के विरूद्ध तोडफ़ोड़ की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया इस अवैध कॉलोनी में विभाग द्वारा पांचवी बार तोडफ़ोड़ की कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के दौरान जिला नगर योजनाकार व कार्यालय की टीम, ड्यूटी मजिस्ट्रेट व थाना असंध की पुलिस फोर्स उपस्थित रहे।

---

## पंचायती राज दिवस मनाकर लोगों को जल के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



पंचायती राज दिवस पर गांव नीलोखेड़ी में वासों की जिला सलाहकार नेहा शर्मा ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है जहाँ शासन की जड़ें जन-जन तक पहुँचाने के लिए पंचायती राज व्यवस्था को लागू किया गया है।

उन्होंने कहा कि इस अवसर पर हमें जल संचय के बारे में भी जागरूक किया गया व मौके पर कुलभूषण शर्मा के द्वारा ओटि किट के माध्यम से पानी की जांच किस प्रकार की जाए इसके बारे में बताया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से बी आर सी कुलभूषण शर्मा,सरपंच विक्रमजीत कौर, पंच रजनी,वंदना,स्वय सहायता समूह पूजा,हरप्रीत सिंह व सतविंदर सिंह शामिल रहे।पंचायती राज दिवस के अवसर पर करनाल जिले के विभिन्न ब्लाकों में जल संरक्षण को लेकर कई कार्यक्रम किए गए जिसके अंतर्गत घरौंडा व मुनक ब्लॉक में स्कूल कार्यक्रम के माध्यम से बी आर सी सुरेश व बी आर सी रानी ने विद्यार्थियों को जल संरक्षण व पानी की जांच के विषय में बताया गया और साथ ही पंचायती राज दिवस के उपलक्ष में जल संरक्षण को लेकर शपथ दिलाई गई घरौंडा जिले के गढ़ी मुल्तान व मुनक ब्लॉक के बाद बल्ला गांव में स्कूल व आंगनबाड़ी व सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओ की मीटिंग का आयोजन भी किया गया।

## अधिवक्ता परिषद ने न्यायिक नियुक्तियों और न्यायिक जवाबदेही में सुधार के लिए सौंपा ज्ञापन

- जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए नृशंस आतंकी कृत्य की भर्त्सना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



न्यायिक नियुक्तियों एवं न्यायिक जवाबदेही में सुधार के लिए अधिवक्ता परिषद्करनाल के जिला अध्यक्ष नरेश कुमार राणा की अध्यक्षता में उपायुक्त करनाल के माध्यमसे महामहिम राष्ट्रपति महोदय भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश व महामहिम राज्यपाल हरियाणाके नाम ज्ञापन सौंपा गया व इसके अलावा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुएनृशंस आतंकी कृत्य का अधिवक्ता परिषद करनाल कठोर शब्दों में भर्त्सना करती है,जिसमें निर्दोष नागरिकों और सुरक्षा बलों कोनिशाना बनाया गया। यह कृत्य न केवल अमानवीय है बल्कि देश की एकता और अखंडता पर भीआघात है। हम इस दुःखद घटना में मृत हुए सभी पर्यटकों एवं सुरक्षा बल के जवानों कोअपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं एवं पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकटकरते है तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं। यह अत्यंत दुखदनिंदनीय और मानवता के विरुद्ध एक कायरता पूर्ण कृत्य है। हम केंद्र सरकार व राज्यसरकार से आह्वान करते है कि वह शोक संतप्त परिवारों को पूर्ण सहयोग करें वआतंकवादियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करें। इस संदर्भ में रोष प्रकट करते हुएअधिवक्ता परिषद करनाल ने महामहिम राष्ट्रपति महोदय को उपायुक्त करनाल के माध्यम सेज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर अशोक सिरसी प्रांत महामंत्री अधिवक्ता परिषद् हरियाणा, कैलाश चौहान न्यायप्रवाह प्रमुख नरेश राणा ज़िला अध्यक्ष, राहुल बाली, मुकेश रानी, रूबी शर्मा, रेखा कौशिक, प्रशांत पाहवा, यशबीर सिंह योगिंदर मेहला, प्रदीप राणा, वीरेंद्र सचदेव, जगदीश कश्यप, शक्ति सिंह संदीपराणा सहित काफ़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

---



### निरंकारी मिशन के शिविर में 425 ने किया रक्तदान

**करनाल।** प्रेम और भाईचारे की भावना को उजागर करता 'मानव एकता दिवस', निरंकारी मिशन द्वारा प्रति वर्ष 24 अप्रैल को बाबा गुरबचन सिंह जी की पावन स्मृति में श्रद्धा और आध्यात्मिक भावनाओं से परिपूर्ण वातावरण में आयोजित किया जाता है। रेलवे रोड स्थित निरंकारी सत्संग भवन,करनाल में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर विशेष रूप से केंद्र बिंदु रहा,जहाँ श्रद्धालु अधिक संख्या में सम्मिलित हुए। सभी ने पूर्ण उत्साह और समर्पण के साथ स्वेच्छा भाव से रक्तदान कर मानव कल्याण में अपना सहयोग दिया। संत निरंकारी मिशन के करनाल जोन के जोनल इंचार्ज सतीश हंस ने जानकारी देते हुए बताया कि आज सम्पूर्ण भारतवर्ष में आयोजित रक्तदान के अंतर्गत करनाल में लगभग 425 यूनिट रक्त एकत्र करने की ओर अग्रसर है।रक्तदान शिविर का उद्घाटन विधिवत रूप से दिल्ली से पधारे बह्मत्रऋषि संत विनोद खन्ना ने किया।यह दिवस चाचा प्रताप सिंह जी सहित उन सभी समर्पित बलिदानी संतों की पुण्य स्मृति का प्रतीक है, जिन्होंने मानव एकता, निःस्वार्थ सेवा और आध्यात्मिक चेतना के मार्ग पर चलते हुए अपना संपूर्ण जीवन अर्पित कर दिया। रक्तदान शिविर में राजकीय सिविल अस्पताल,कल्पना चावला की मेडिकल टीम का विशेष योगदान रहा।पूर्ण स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता का विशेष ध्यान और रक्तदाताओं के लिए उत्तम जलपान व्यवस्था ने इस सेवा को और भी व्यवस्थित बना दिया।

## एक राष्ट्र एक चुनाव से भारत का लोकतंत्र और मजबूत होगा : मेयर

- मेयर ने करनाल नगर निगम की ओर से पारित प्रस्ताव केंद्रीय कृषि मंत्री को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक का करनाल नगर निगम ने पूर्ण रूप से समर्थन किया है। मेयर रेणु बाला गुप्ता और सभी 20 पार्षदों ने इस प्रस्ताव पर सहमति जताई। बीती 22 अप्रैल को करनाल पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान को मेयर रेणु बाला गुप्ता ने यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के नाम सौंपा। मेयर ने कहा कि 21 अप्रैल को नगर निगम हाउस की मीटिंग में यह प्रस्ताव पारित कर लिया गया था। केंद्रीय कृषि मंत्री के करनाल आगमन पर उन्हें यह प्रस्ताव सौंप दिया गया। इस दौरान प्रदेश कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष वेदपाल एडवोकेट, करनाल विधायक जगमोहन आनंद, असंध विधायक योगिंद्र राणा, भाजपा जिला प्रधान प्रवीण लाठर व सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा मौजूद रहे। मेयर रेणु बाला ने कहा कि सरकार देश के विकास को बल प्रदान करने के लिए वन नेशन वन इलेक्शन का प्रस्ताव सुझाया है। इसमें देशवासियों को बढ़-चढक़र हिस्सेदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। एक राष्ट्र-एक चुनाव देशहित में बड़ा कदम है। इसमें लोगों को बढ़-चढक़र सहयोग करना चाहिए। प्रबुद्ध वर्ग के लोग जन-जन तक एक राष्ट्र-एक चुनाव के फायदे पहुंचाने में सहयोग करें।



### केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने वरिष्ठ अधिवक्ता स्वर्गीय भूपेंद्र सिंह राठौर के निधन पर किया शोक व्यक्त

**करनाल।** केंद्रीय बिजली, आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने वीरवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विरेंद्र राठौर के पिता वरिष्ठ अधिवक्ता स्वर्गीय भूपेंद्र सिंह राठौर के निधन पर उनके निवास स्थान सेक्टर-13 में जाकर शोक व्यक्त किया तथा शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि उन्होंने समाज उत्थान व एकजुटता के लिए सदैव समर्पित भाव से योगदान दिया, उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। वरिष्ठ अधिवक्ता स्वर्गीय भूपेंद्र सिंह राठौर वकालत के साथ-साथ सामाजिक कार्यो में भी बढ़चढ़ कर भाग लेते थे। इस अवसर पर करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, असंध के विधायक योगेंद्र राणा, नगर निगम की मेयर रेणू बाला गुप्ता, भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर, केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि कविंद्र राणा, भाजपा के वरिष्ठ नेता बृज गुप्ता, जगदेव पाढा, सागर चंदेल, अशोक भंडारी, वीर विक्रम, एसपी चौहान, राजेन्द्र आर्य सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

---

## राज्यसभा सांसद ने दिया भगवान परशुराम जन्मोत्सव का निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल




राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने आज यहां ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित बैठक में समाज के लोगों को 27 अप्रैल को पंचकूला के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में आयोजित किए जाने वाले राज्य स्तरीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव का न्यौता दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। बैठक में सर्वप्रथम पुलवामा में आतंकियों के हमले में मारे गए नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। राज्य सभा सदस्य कार्तिकेय ने समाज के लोगों से अधिकाधिक संख्या में 27 को पंचकूला पहुंचने की अपील की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के सम्मुख समाज से जुड़ी मांगों को रखने का यह सुनहरी मौका है। सांसद के अनुसार भगवान परशुराम एक समाज के नहीं बल्कि 36 बिरादरी के हैं। उन्होंने समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का काम किया। हमें न केवल उनकी शिक्षाओं का अनुसरण करना बल्कि उनका प्रचार-प्रसार भी करना चाहिए। इस अवसर पर ब्राह्मण महासभा हरियाणा के प्रधान अमरजीत शर्मा, ब्राह्मण सभा करनाल के पूर्व प्रधान सुरेंद्र बड़ौता, शाश्वत ब्राह्मण सभा इंद्री के प्रधान डा. सुभाष शर्मा, सरपंच कृष्ण, देवी प्रसाद फफड़ाना आदि मौजूद रहे।

### छात्रों को ग्रामीण प्रशासन की संरचनाए उसकी भूमिका बताई

# पंचायती राज व्यवस्था लोकतंत्र की नींवः प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



डीएवी पीजी कॉलेज के राजनीतिक विज्ञान विभाग एवं कानूनी जागरूकता प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में पंचायती राज दिवस पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को ग्रामीण प्रशासन की संरचनाए उसकी भूमिकाए अधिकार एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना था।

कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर रामपाल सैनी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायती राज व्यवस्था भारत की लोकतांत्रिक नींव है। जो जमीनी स्तर पर आम नागरिकों को निर्णय प्रक्रिया में भाग लेने का अधिकार देती है। यदि भारत को सशक्त बनाना है तो गांवों को सशक्त करना अनिवार्य है और यह केवल पंचायतों के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतें अब सिर्फ प्रशासनिक इकाई नहीं रहीं बल्कि सामाजिक न्याय और विकास का प्रमुख माध्यम बन चुकी हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और वंचित वर्गों की भागीदारी पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आरक्षण व्यवस्था ने महिलाओं और पिछड़े वर्गों को नई पहचान दी है लेकिन अभी भी उन्हें पूरी तरह से सक्षम बनाने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है।

राजनीतिक विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ बलराम शर्मा ने कार्यक्रम में पंचायतों की चुनौतियाँ, पारदर्शिता, जवाबदेही, भ्रष्टाचार की रोकथाम और डिजिटल भारत के संदर्भ में पंचायतों की भूमिका पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर डॉ मनीषा शर्मा, वीरेंद्र कुमार मौजूद रहे।

### प्लेसमेंट ड्राइव में पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय के नौ विद्यार्थियों का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय करनाल के 9 विद्यार्थियों का चयन अलग-अलग कंपनियों में हुआ है। प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में महाविद्यालय की स्नातक एवंम् स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस ड्राइव का आयोजन महाविद्यालय की प्लेसमेंट सैल की ओर से किया गया। प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी में बताया कि वृंदा कॅसलटेंसी कंपनी में 5 और आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल लाइफ इंश्योरस में 4 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। उन्होंने प्लेसमेंट ड्राइव में चयनित होने वाले विद्यार्थियों को महाविद्यालय प्रांगण में सम्मानित किया और इस उपलब्धि के लिए प्लेसमेंट सैल के संयोजक श्री रमेश कुमार व उनकी पूरी टीम को बधाई दी। इस अवसर पर प्लेसमेंट सैल के संयोजक रमेश कुमार, नवीन मोंगा, राजेश कुमार बूरा, नीतू कवातरा और चयनित हुए विद्यार्थी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### बीकेजीएम स्कूल में बाल संस्कार कार्यक्रम शुरू

**पानीपत।** विश्व जागृति मिशन पानीपत मंडल द्वारा सनौली रोड स्थित बीकेजीएम स्कूल बाबा काशीगिरि मंदिर में बच्चों के लिए बाल संस्कार केंद्र कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रोग्राम का शुभारंभ श्री काशी गिरी मंदिर के प्रधान हरीश खुराना, मंडल के हरियाणा प्रभारी आरएन रावल एवं प्रधान डा. जगजीत आहूजा द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर इंद्र चुघ, गिरीश अरोड़ा, हरीश नागपाल, पुरण बजाज, गुलशन आर्य, भीम डूडेजा, निरंजन पाराशर, लेखराज जताना, गणेश ठाकुर, आशीष, पप्पू, मंजू रावल, कांता छाबड़ा, भावना सलूजा व नीलम दत्ता आदि उपस्थित रहे।

### कार से आई फोन चोर किया, मामला दर्ज

**पानीपत।** पानीपत में जीटी रोड पर संजय चौक के पास कार सवार महावीर प्रसाद निवासी अंसल को एक युवक ने यह कह कर कि आपने एक्सीडेंट कर दिया है बातों में उलझा लिया, जबकि दूसरे ने कार की बराबर वाली सीट पर रखे आई फोन चोरी कर लिया। महवीर की शिकायत पर हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस ने दो अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कृषि मंत्री ने अनाज मंडी का किया औचक निरीक्षण

**पानीपत।** हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने नई अनाज मंडी गांव इसराना का औचक निरीक्षण किया और मंडी में किसानों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर मंडी एसोसिएशन ने मंडी से संबंधित समस्या भी मंत्री के समक्ष रखी। मंत्री ने एसोसिएशन की मांगों को ध्यान पर सुना व उसे लेकर सकारात्मक संकेत भी दिए।

### फिर से विश्व गुरू बनेगा भारतः डॉ.जोगी अनूप

**पानीपत।** अखिल भारतीय जोगी नाथ सभा के संयुक्त महामंत्री एवं भक्ति शक्ति यात्रा के संयोजक डॉ.जोगी अनूप नाथ ने शिष्टमंडल के साथ लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में केंद्रीय मन्त्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा से शिष्टाचार भेंट की बताया कि 30 अप्रैल को हिमाचल प्रदेश के ज्वाला जी से भक्ति शक्ति यात्रा का शुभारम्भ होगा जो देश के आठ राज्यों से भ्रमण करते हुए 12 मई को मध्यप्रदेश के पशुपतिनाथ पहुंचेगी। उन्होंने मेयर कोमल सैनी को भी यात्रा का न्यौता दिया।

### उच्च शिक्षा के लिए अनुदान पर मिलता है ऋण

**पानीपत।** हरियाणा महिला विकास निगम के द्वारा लड़कियों/महिलाओं को देश विदेश में उच्च शिक्षा के लिए बैंको के माध्यम से शिक्षा ऋण प्राप्त करने पर ब्याज दर में 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान दिया जाता है। डीसी डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने बताया कि हरियाणा सरकार लड़कियों/महिलाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने पर ब्याज दर में 5 प्रतिशत ब्याज दर से सब्सिडी देने के लिए वचनबद्ध है ताकि महंगे ब्याज दर के कारण कोई भी छात्रा उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित न रहे।

### चोरी का एथनॉल खरीदने वाला पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने टैंकर चालक से चोरी का 4200 लीटर एथनॉल खरीदने वाले आरोपी राजू निवासी गांव कोहंड जिला करनाल को गिरफ्तार किया है। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि सीआईए श्री पुलिस टीम ने 15 अप्रैल को आरोपी टैंकर चालक जसवंत को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी ने टैंकर से चोरी किया 4200 लीटर एथनॉल गांव कोहंड निवासी विनोद को बेचा था। इस मामले में थाना सदर में केसर्ग्ज है।

### दिव्यांग की सड़क हादसे में मौत

**पानीपत।** शहर संजय चौक पर सड़क हादसे में दिव्यांग युवक सोहन निवासी जग जीवन राम कालोनी की मौत हो गई। मृतक के भाई दीपक की शिकायत पर पुलिस ने जहां सोहन के शव का पोस्टमार्टम करवाया, वहीं हादसा करने वाले वाहन के चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

आतंकी हमले के विरोध में पाकिस्तान का झंडा जलाया

# पानीपत में विभिन्न संगठनों ने आतंकी हमले का विरोध किया

हरिभूमिन्यूज ▶▶ पानीपत

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया ने वीरवार को पानीपत में पुराने बस अड्डे पर जोरदार प्रदर्शन किया। फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान के झंडे को जलाया और भारत माता की जय के नारे लगाए। सभी फ्रंट सदस्यों ने भारतीय तिरंगे हाथ में उठा रखे थे।

इस अवसर पर पानीपत के जिला अध्यक्ष मदन भारद्वाज, नवीन मनचंदा, सुरेंद्र मक्कड़,शेर सिंह शांडिल्य, सोनू, निशांर, ऋषि, मुरली मनोहर, देवेंद्र रहेजा, प्रमोद कुमार समेत, हैप्पी मिगलानी, कपिल समेत कई फ्रंट सदस्य मौजूद रहे। इधर, वीरेश शांडिल्य ने इस हमले को कायराना बताते हुए कहा कि पाकिस्तान लगातार भारत की शांति और अखंडता को चुनौती दे रहा है। शांडिल्य ने केंद्र और जम्मू-कश्मीर सरकार से शहीद पर्यटकों को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता और उनके परिजनों को सरकारी नौकरी, जबकि गंभीर रूप से घायलों को 50 लाख रुपये की सहायता देने की मांग की। वहीं शांडिल्य ने कहा करनाल के शहीद विनय नरवाल की धर्मपत्नी हिमांशी व उनकी बहन सृष्टि को हरियाणा सरकार एचसीएस स्तर की नौकरी देने की अपील की।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले का विरोध कर हिन्दू जन जागृति मंच के बैनर तले प्रधान विकास छौक्कर और सूरत सिंह किवाना की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं, समाजसेवियों व आम जनमानस ने पाकिस्तान के खिलाफ रोष प्रकट करते हुए पुराना बस स्टैंड फ्लाई ओवर के नीचे पाकिस्तान का पुतला दहन किया। मंच का आरोप है कि पाकिस्तान से आए आतंकियों ने यात्रियों की पहचान कर हमला किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग की।



आतंकी हमले के विरोध में पाकिस्तान का झंडा जलाते हुए वीरेश शांडिल्य आदि

### शहीदों को नमन किया

पानीपत। जम्मू कश्मीर में पहलगाम के निहत्थे 26 पर्यटकों को आतंकवादियों द्वारा उनकी निर्मम हत्या कर उन्हें शहीद कर दिया गया। जहां इस निर्मम हत्या पर पूरा राष्ट्र स्तब्ध है वहीं जनसेवादल व आशियाना के सभी सदस्यों में भी इस अनहोनी के प्रति बहुत दुःख का माहौल है। आज आशियाना में मोमबत्तियां जलाकर, दो मिनट का मौन धारण किया फिर गायत्री मंत्र का जाप कर दिवंगत पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्रधान कृष्ण मनचंदा, महामंत्री चमन गुलाटी, समाजसेवी युधिष्ठिर शर्मा, कमल गुलाटी, सुभाष ढींगरा, शाम लाल खूंगर, यश बांगा, अशोक अरोरा, प्रेम खुराना व राजू कथूरिया आदि मौजूद रहे।

### रोष मार्च निकाला

पहलगाम में हुए आतंकवादी गतिविधि के खिलाफ रोष प्रकट करते हुए आरडब्ल्यूए हुडा सेक्टर 24 व मां भारती शिव सेवा न्यास के आह्वान पर समस्त सेक्टर वासियों ने रोष प्रदर्शन किया। आंदोलन में प्रधान कंवल सिंह सहारण, उपप्रधान डॉ.सोनू सिंह, कृष्ण बंसल, शिव मंदिर के प्रधान पवन बंसल, उपप्रधान कौशल शर्मा, केदार कौशिक, चेतन मित्तल, रोशन जोहरा, राजकुमार बंसल, मुकेश बंसल, नरेंद्र चौहान, अनील सैनी, सुखबीर, मिथलेश, सुनीता रानी व कृष्णा आदि मौजूद रहे।

### मृतकों को श्रद्धांजलि दी

नॉर्थ इंडिया एंटी करपशन और क्राइम प्रिवेंशन आर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष यशपाल मलिक, देवेंद्र राणा, स.जगजीत सिंह, देवेंद्र सिंह श्योराण, दिनेश शर्मा कुराना, दीपक देशवाल, परमजीत जागलान, मांगेराम मलिक, राजपाल कश्यप एडवोकेट, रवि कथूरिया, वेदपाल मराठा, प्रियंका शर्मा, अश्विनी कुमार, बिजेंद्र सरपंच, मयंक मलिक, साहिल गुप्ता, कर्मवीर मलिक आदि ने श्रद्धांजलि दी।

# जनता की निष्काम भाव से सेवा करें अफसर : डीसी

हरिभूमिन्यूज ▶▶ पानीपत

जिला सचिवालय के सभागार में आयोजित किए गए जनता समाधान शिविर में जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि जनता समाधान शिविर आम नागरिक की आशाओं व अपेक्षाओं पर खरा उतर रहा है। विभागों के अधिकारी परिपक्कता से कार्य करके लोगों की समस्याओं का निदान कर रहे हैं। आपसी समन्वय से लोगों के कार्य में स्थिरता दिखाई पडऩे लग रही है।

उपायुक्त ने कहा कि अधिकारियों को समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं के समाधान को लेकर और गहराई व समझ से सम्मानपूर्वक कार्य करके निदान करने की आवश्यकता है। समाधान शिविर में एसडीएम ब्रह्म प्रकाश ने कहा कि अधिकारियों को जनसमस्याओं के समाधान को लेकर इस तरह से कार्य करना चाहिए कि उनकी अच्छे अधिकारी की छाप लम्बे समय तक दिखाई पड़े। शिविर में आज पैंशन, क्रीडा विभाग, पुलिस विभाग से सम्बंधित 36 समस्याएं प्राप्त हुई। इस मौके पर निगम संयुक्त आयुक्त मनी त्यागी, सीटीएम टिनू पोशवाल, पुलिस उप पुलिस अधीक्षक सतीश वत्स, विजयपाल मलिक, डीटीओ हजारा सिंह, सीएलडीएम राजकुमार, पीडब्ल्यूडी कार्यकारी अभियंता सावित पानू, जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा, डीटीपी संजय आंतिल आदि मौजूदे रहे।



समाधान शिविर में जनसुनवाई करते हुए उपायुक्त डॉ .वीरेंद्र दहिया।

## अवैध माइनिंग में 12 पर केस, सात वाहन सीज

हरिभूमिन्यूज ▶▶ पानीपत

जिला सचिवालय के सभागार में उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र दहिया की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने अधिकारियों को बैठक में अवैध माइनिंग पर रोक लगाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि अब तक 12 व्यक्तियों के खिलाफ अवैध माईनिग को लेकर एफआईआर दर्ज की गई है व सात वाहनों को सीज किया जा चुका है। उपायुक्त ने कहा कि जिले में अवैध माइनिंग का कार्य किसी भी सूरत में नहीं होना चाहिए। अधिकारियों को जहां पर अवैध माईनिग की गुंजाइश नजर आये तुरंत कार्यवाही करनी होगी। उन्होंने अधिकारियों को कार्य में और तेजी लाने व ज्यादा से ज्यादा चालान करने और एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। इस मौके पर पानीपत एसडीएम ब्रहमप्रकाश, समालखा एसडीएम अमित कुमार, इसराना एसडीएम आशिष वशिष्ठ, उप पुलिस अधीक्षक सतीश वत्स, माईनिंग अधिकारी निरंजन सिंह आदि मौजूद रहे।



पानीपत। अवैध खनन पूरी तरह से बंद कराने को लेकर बैठक करते अधिकारीगण।

# आतंकी आ पाकिस्तान पर सख्त कार्रवाई करें भारतः पवन

हरिभूमिन्यूज ▶▶ समालखा

पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को प्रति स्थानीय ब्राह्मण समाज सामाजिक संगठन ने शहरी प्रधान पवन कौशिक की अध्यक्षता में उनके कार्यालय पर बैठक की। वहीं, ब्राह्मण समाज के लोगों ने पहलगाम आंतकी घटना की एक स्वर में घोर निंदा की। ब्राह्मण समाज के लोगों ने प्रधानमंत्री से अपील की है कि उग्रवाद व पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। ब्राहमण समाज ने फैसला लिया कि भगवान परशुराम जयंती का कार्यक्रम पहलगाम के शहीदों की रस्म क्रिया के बाद किया जाएगा। इधर, बैठक में आनंद आर्य ने कविता के माध्यम से शहीदों को नमन किया। वहीं, पवन कौशिक ने कहा कि लोगों से उनका धर्म पूछकर उन्हें मारना, महिलाओं को विधवा बनाना यह भारत में असहनीय है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हिंसा के ऐसे कृत्यों का गंभीर परिणाम भुगतना होगा।



# छात्रों ने गीत, नृत्य एवं नाट्य की प्रस्तुतियां दी

हरिभूमिन्यूज ▶▶ पानीपत

आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातक अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। छात्रों ने गीत, नृत्य एवं नाट्य की प्रस्तुतियां दी।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकगण, कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। समारोह में प्रबंधन समिति के महासचिव एलएन मिगलानी ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभ आशीर्वाद दिया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने कहा कि प्रिय विद्यार्थियों यह केवल एक औपचारिक विदाई नहीं है बल्कि आपके नए जीवन की शुरुआत है। विदाई समारोह में मिस फेयरवेल आरती, मिस्टर फेयरवेल गौतम, मिस इंटेलीजेंट सुनिधि, मिस्टर इंटेलीजेंट लक्ष्य, मिस पर्सनालिटी रश्मि एवं मिस्टर पर्सनालिटी समीर रहे।

इस अवसर पर डॉ.किरण मदान, डॉ.नीलम, डॉ. सीमा, डॉ.सुनीता ढांडा, डॉ.पूनम मदान, डॉ.अर्पणा गर्ग, कनक शर्मा, डॉ.निधि, डॉ.जोगेश, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ.स्वाति पुनिया, खुशबू, डॉ.पूजा मलिक, डॉ.रेखा रानी, डॉ.नेहा पुनिया, डॉ.मोनिका वर्मा, डॉ.अंजलि, डॉ.पूनम गुप्ता व संगीता आदि उपस्थित रहे।





## मेरा गांव मेरी धरोहर पुस्तक में गांव की अध्यात्मिक विरासत संजोना अनूठा प्रयास

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मेरा गांव-मेरी धरोहर पुस्तक में गांवों की आध्यात्मिक विरासत को संजोने का एक अनूठा प्रयास किया गया है। प्रत्येक जिले के एक गांव की एक ऐसी कहानी चुनी है, जो उस गांव के धार्मिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक गौरव को दर्शाती है। इन 22 कहानियों को मेरा गांव मेरी धरोहर पुस्तक में संकलित किया गया है। यह पुस्तक हरियाणा की ग्रामीण धरोहर को देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत करेगी। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ग्राम पंचायत खेडी मारकंडा में राष्ट्द्रीय पंचायती राज दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले ऑन लाइन प्रणाली से पंचकुला से राज्य स्तरीय ग्राम उत्थान समारोह के कार्यक्रम को देखा। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में पंचायतों को 368 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। पूर्व राज्यमंत्री सुधा ने गांव खेडी मारकंडा में 3 लाख रुपए की लागत से फिरनी की 12 लाइटों का उदघाटन करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार ने गांवों का चंहुमुखी विकास किया है।


# सरकारी स्कूलों के सवार्गीण विकास में कोई कमी नहीं रहेगी : कंवलजीत कौर

- जिला परिषद की चेयरपर्सन का सम्मान समारोह आयोजित
- मंच संचालन अशोक कुमार ने किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

पिहोवा के सैकड़ो अध्यापको द्वारा सरकारी विद्यालयो मे करवाए गए विकास कार्यो के उपलक्ष्य मे जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर का सम्मान समारोह किया गया। इसमें मुख्य अतिथि जिला परिषद कुरुक्षेत्र चेयरपर्सन कंवलजीत कौर रही। विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी रामराज कौशिक व जिला परिषद के अकाउंट आफिसर सत्यभूषण रहे। कार्यक्रम में पहुंचने पर मेहमानो का स्वागत मुख्य शिक्षक पवन मित्तल, संदीप कुमार, राजेश कुमार, जसबीर सैनी, दिनेश भाटिया ने फूलमाला डाल कर किया। मंच का संचालन अध्यापक अशोक कुमार ने किया। जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने सरकारी विद्यालय मे पढ़ने वाले बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज सरकारी विद्यालय के बच्चे भी किसी प्राइवेट विद्यालय से पीछे नही है। सरकारी स्कूलों के बच्चों मे टैलेंट की कोई कमी नही है। उन्होने कहा कि सरकारी विद्यालयो के सवार्गीण विकास के लिए धन की कोई कमी नही है। पिहोवा हल्का मेरा अपना घर है और यहां के सभी अध्यापक मेरे परिवार का हिस्सा है। उन्होने कहा कि पिहोवा हल्के के ज्यादातर प्राथमिक विद्यालयों मे कम्प्यूटर, प्रिंटर, साउड सिस्टम दिए जा चुके है और सिविल वर्क कार्य भी चले हुए है। उन्होने कहा कि विद्यालय मांग के अनुसार बच्चों के हित में जो भी डिमांड की गई है, उन सभी को पूरा करने की घोषणा की। उसके पश्चात पिहोवा हल्के के सैकडो अध्यापको ने चेयरपर्सन कंवलजीत कौर को मोमेंटो व शाल ओढ़ा कर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर जिला परिषद के लेखाधिकारी सत्य भूषण, गुरनाम सिंह, सतपाल सिंह आदि मौजूद रहे।





## एनआईटी कुरुक्षेत्र में पूर्व छात्र प्रकोष्ठ ने संगोष्ठी का किया आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र के पूर्व छात्र प्रकोष्ठ द्वारा सीनेट हॉल में 'पूर्व छात्र संगोष्ठी' नामक व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एनआईटी कुरुक्षेत्र के निदेशक प्रो. बी.वी. रमना रेड्डी, डीन छात्र कल्याण और प्रोफेसर इंचार्ज पूर्व छात्र प्रकोष्ठ प्रो. प्रतिभा अग्रवाल, प्रो. दीक्षित गर्ग, संकाय सदस्य और वर्तमान छात्र शामिल हुए। संकाय प्रभारी पूर्व छात्र डा यशश्चंद्र द्विवेदी ने कार्यक्रम की वक्ता सुश्री शोभना बंसल का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया और संस्थान में पूर्व छात्र प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित वर्ष भर की गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्थान की पूर्व छात्रा सुश्री शोभना बंसल ने एक प्रेरक व्याख्यान प्रस्तुत किया। सुश्री शोभना बंसल एनआईटी कुरुक्षेत्र के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की 1995-1999 बैच की पूर्व छात्रा हैं तथा उनका सूचना प्रौद्योगिकी और सेवा उद्योग में काम करने का उनका एक सफल इतिहास रहा है। उन्होंने एज्योर आर्किटेक्चर, स्ट्रेटेजिक कंसल्टिंग, एजाइल एनालिटिक्स और ग्लोबल डिलीवरी में काम किया है। वह एक प्रसिद्ध सूचना प्रौद्योगिकी पेशेवर हैं। उन्होंने इंडियाना यूनिवर्सिटी ब्लूमिंगटन से बिजनेस एनालिटिक्स में शिक्षा अर्जित की है । आपने व्याख्यान की शुरूआत में, सुश्री शोभना बंसल ने करियर विकास में अपनी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की, संस्थान की सीखने और ज्ञान-साझा करने की मजबूत परंपरा पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपनी पेशेवर यात्रा को याद करके छात्रों को प्रेरित किया। सुश्री बंसल ने श्रोताओं को अन्वेषण की भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-संयुक्त सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

नरेश कुमार पुत्र स्व० श्री राम किशन पुत्र स्व. श्री नानक चन्द निवासी मकान न. 129, नजदीक सनातन धर्म मन्दिर, वार्ड न. 2, नुरवाला, तहसील व जिला पानीपत व आदि

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि नरेश कुमार पुत्र स्व. श्री राम किशन पुत्र स्व. श्री नानक चन्द निवासी मकान न0 129, नजदीक सनातन धर्म मन्दिर, वार्ड न0 2, नुरवाला, तहसील व जिला पानीपत आदि ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है। कि मृतक स्व० श्री राम किशन पुत्र स्व. श्री नानक चन्द की मृत्यु दिनांक 20.09.2021 को हो चुकी है। मृतक स्व. श्री राम किशन पुत्र स्व. श्री नानक चन्द के देहान्त के बाद निम्न वारिस उत्तराधिकारी हैं:- 1. हरीश कुमार टूटेजा (पुत्र) 2. नरेश कुमार (पुत्र) 3. वेद प्रकाश (पुत्र) 4. कैलाश रानी (पुत्री) 5. वर्षा रानी (पुत्री) 6. संगीता (पुत्री) 7. कमलेश रानी (मृतक पुत्री) के ही जायज वारिस हैं। इनमे से मृतक कमलेश रानी का 29.10.2023 को देहान्त हो चुका है। कमलेश रानी के देहान्त के बाद निम्नलिखित वारिस हैं 1. साक्षी (पुत्री) 2. गौरव कुमार (पुत्र) 3. नवीन कुमार (पुत्र) जायज वारिस है। मृतक की माता स्व. श्रीमति निको बाई का अरसा पहले देहान्त हो चुका है व मृतक शीलावन्ती का दिनांक 02.07.2013 के देहान्त हो गया है। कमलेश शर्मा पार्षद वार्ड न. 2 नगर निगम पानीपत व राजीव नम्बरदार व रवि पटवारी ने भी अपनी रिपोर्ट में उपरोक्त वारसान की तस्दीक की है।

उपर दर्शाये गये वारसानों के अलावा मृतक स्व. श्री राम किशन पुत्र स्व. श्री नानक चन्द का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक स्व. श्री महेन्द्र कुमार पुत्र श्री श्रीपाल के बताये गये वारिस उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर अन्दर कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 24.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-संयुक्त सब रजिस्ट्रार, पानीपत

### जानलेवा हमले का आरोपी पकडा

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस ने उग्राखेड़ी गांव में जागरण से घर जा रहे सागर पुत्र फूल कुमार पर चाकू से जानलेवा हमला करने मामले में नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नाबालिग आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद कर पूछताछ के बाद नाबालिग आरोपी को जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया जहां से उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

### श्री गंगा धाम का उत्सव 26 से

**पानीपत।** श्री राम चौक स्थित श्री गंगा धाम मंदिर के वार्षिकोत्सव का शुभारंभ 26 अप्रैल को होगा। गंगा धाम संस्थापक निरंजन पाराशर ने बताया कि 26 अप्रैल को सर्वप्रथम प्रातः गौरी गणेश पूजन के पश्चात सायं काल 6 से 9 राधा माधव संकीर्तन मंडल द्वारा भजनों से संकीर्तन होगा। जबकि 27 अप्रैल की सुबह सुंदरकांड का पाठ 100 से अधिक ब्राह्मण विद्वानों द्वारा किया जाएगा।

### बाइक चोर पकडा

पानीपत। सीआईए टू पुलिस टीम ने अमित पुत्र धर्मबीर निवासी गांव आसन कला को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना शहर में मोहम्मद मुस्तफा पुत्र अलीशान निवासी गांव राणा माजरा जिला पानीपत की शिकायत पर के दर्ज है।

समारोह | शिक्षित होना हर बच्चे का अधिकारः सुषमा

# जिला बाल कल्याण अधिकारी ने सनौली खुर्द के ईंट भटठों पर पाठशाला का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत बाल भवन द्वारा सनौली खुर्द के ईंट भटठों पर भट्ठा पाठशाला का शुभारंभ किया। भट्ठा पाठशाला का उद्घाटन हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव सुषमा गुप्ता ने रीबन काट कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी ने की। सीनियर जिला बाल कल्याण अधिकारी सरोज मलिक ने शुभारंभ में हिस्सा लिया। पाठशाला के शुभारंभ पर मानद महासचिव सुषमा गुप्ता ने कहा कि शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है किसी भी वर्ग का बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। यही हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद का मुख्य उद्देश्य है। सुषमा गुप्ता ने कहा की ईंट भटठों पर गरीब तबके के परिवार रहते हैं जो पैसों के अभाव में अपने बच्चों को नहीं पढ़ा सकते लेकिन अब उनके बच्चों को निशुल्क पढ़ाया जाएगा। पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को निशुल्क पुस्तकें व अन्य सामग्री दी जाएगी। वहीं जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी ने कहा कि इसीलिए मैं जो भी बच्चा आर्थिक तंगी के कारण पढ़ाई लिखाई से वंचित है ऐसे बच्चों को पढ़ाई लिखाई का अधिकार बाल भवन की तरफ से भट्ठा पाठशालाओं पर निशुल्क दिया जाएगा। वहीं, सीनियर डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड ऑफिसर सरोज मलिक ने कहा की बच्चे देश का भविष्य है।



